कार्यालय कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला–सूरजपुर (छ0ग0)

क्रमांक / 2290 / स्था0 / मबावि / आईसीपीएस / 2017–18 सूरजपुर, दिनांक :– 01/02/2018

## "विज्ञापन"

## एकीकृत बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) के अंतर्गत जिला स्तरीय पद पर कर्मचारी की संविदा भर्ती के संबंध में विज्ञापन

भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत एकीकृत बाल संरक्षण योजना के प्रावधानों व स्वीकृति अनुसार एकीकृत बाल संरक्षण योजना के क्रियान्वयन हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई –सूरजपुर में निम्न पद पर संविदा भर्ती हेतु पात्र आवेदकों से दिनांक :– 16/02/2018 तक आवेदन आमंत्रित है। पद एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्रमांक | पदनाम | वेतन | पद संख्या | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सामाजिक कार्यकर्ता (Social Worker) | 14000/– रूपये (एकमुश्त) | 01 | अनुसूचित जनजाति (ST) |

### सामाजिक कार्यकर्ता पद के लिए शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होगी :–

| पदनाम | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनुभव | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| सामाजिक कार्यकर्ता (Social Worker) | समाजशास्त्र / समाजकार्य / मनोविज्ञान या समकक्ष विषय में स्नातक | कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस / वेबआधारित अन्य सॉफटवेयर में कार्य करने में समक्ष होना चाहिए। | शासकीय / अर्द्धशासकीय / अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सियों / शासन से अनुदान प्राप्त बाल देखरेख संस्थाओं एवं चाईल्ड लाईन में बच्चों की देखरेख / संरक्षण / पुनर्वास विषय पर कम से कम 3 वर्ष का कार्यानुभव। | अंग्रेजी हिन्दी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान। |

**निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र निम्न पते पर प्रेषित किये जावें–**

1. आवेदन पत्र जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रस्तुत करना होगा।
2. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :– 16/02/2018 को साय: 5.00 बजे तक संबंधित कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

**अन्य नियम व शर्ते जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग सूरजपुर के सूचना पटल एवं सूरजपुर के एनआईसी (NIC) पर अवलोकन कर सकते है।**

**कलेक्टर सह अध्यक्ष**
**जिला बाल संरक्षण इकाई**
**जिला – सूरजपुर (छत्तीसगढ़)**

**उपरोक्त पद हेतु नियम व शर्ते :—**

1. संविदा नियुक्ति 2 वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात कार्य योग्यता, कार्य क्षमता, एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा आगे बढ़ाने का निर्णय विभाग/ जिले के सक्षम अधिकारी द्वारा लिया जा सकेगा। अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी।
2. संविदा नियुक्ति अवधि में योजना प्रावधानों के अनुसार एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा। अतः संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/भत्तें की पात्रता नहीं होगी। सेवा समाप्ति के बाद संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के पेंषन उपादान भत्ता मृत्यु लाभ इत्यादि की भी पात्रता नहीं होगी।
3. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताये भी समाप्त की जा सकती है। संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
4. आवेदक की आयु दिनांक 1 जनवरी 2018 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए।
5. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। समक्ष अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें।
6. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा। निर्धारित शैक्षणिक अर्हता आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम दिनांक तक आवश्यक रूप से प्राप्त होना चाहिए।
7. आवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे। आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची स्व प्रमाणित/सत्यापित होना चाहिए।
8. अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी को संबंधित संस्था से नियोक्ता द्वारा जारी एवं स्व प्रमाणित/सत्यापित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
9. शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को आवेदन देने संबंधित जानकारी अपने नियोक्ता को देना होगा।
10. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे तथा इसके संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
11. उपरोक्त उल्लेखित योग्यता ना रखने वाले उम्मीद्वार आवेदन ना करे।
12. लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिये आवेदित किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से होना चाहिए।
13. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नहीं होगा।
14. आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेगे। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे। आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 10 रूपये का टिकट लगा हुआ एक कोरा लिफाफा भी संलग्न करें।

15. उपरोक्त पद पर चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी –

| पदनाम | चयन प्रक्रिया |
|---|---|
| सामाजिक कार्यकर्ता (Social Worker) | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिषत पर 100 अंको का Weightage देते हुए अधिकतम 75 अंक, 2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 25 अंक दिये जायेंगे। |

**उपरोक्तानुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर अधिकतम प्राप्त अंकों की मेरिट सूची के आधार पर मेरिट क्रम में 1 पद के लिए अधिकतम 10 उम्मीदवारों को प्राक्चयन परीक्षा/लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट/कम्प्यूटर परीक्षा हेतु बुलाया जावेगा।**

16. प्राप्त आवेदनों के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में संबंधित जिला कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
17. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।
18. अपात्र एवं मेरिट क्रम में न आने वाले अभ्यार्थियों को सूचना नहीं दी जायेगी। चुने हुए अभ्यार्थियों को मेल एवं एसएमएस से सूचना दी जायेगी। अतः सही मेल आईडी व मोबाईल नं. का उल्लेख आवेदन पत्र में किया जावे।
19. आवेदक का आवेदन दिनांक :– 16/02/2018 को सायः 5.00 बजे तक संबंधित कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

**कलेक्टर सह अध्यक्ष**
**जिला बाल संरक्षण इकाई**
**जिला – सूरजपुर (छत्तीसगढ़)**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

| स्वयं द्वारा पासपोर्ट साईज फोटो पर हस्ताक्षर किया जावे जिसका आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए कृपया करे |
|---|

**प्रति,**

.................................................

.................................................

.................................................

1. आवेदित पद का नाम एवं जिले का नाम :– ..................................................

2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..................................................

   (अंग्रेजी में) :– ..................................................

3. पिता / पति का नाम :– ..................................................

4. स्थायी पता :– ..................................................

   ..................................................

5. (पत्र व्यवहार का पता) :– ..................................................

   ..................................: दूरभाष / मोबाईल..................................

6. जन्मतिथि (अंकों में) :– ..................................................

   (शब्दों में) :– ..................................................

7. दिनांक 01 / 09 / 2015 को आयु :– ..................................................

8. लिंग पुरूष / महिला :– ..................................................

9. जाति / वर्ग (अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. / सामान्य) जाति .............................. वर्ग ..................

10. क्या आवेदक शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है ? :–..................................

11. विवाहित / अविवाहित / विधुर / परित्यत्ता :– ..................................................

12. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि एवं जीवित बच्चों की संख्या :– ..............................

13. शैक्षणिक योग्यता :–(जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड / संस्था का नाम | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. अन्य योग्यता का विवरण :– ....................................................................................

15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– ....................................................................

| संस्था का नाम | पद नाम | अनुभव का विवरण कब से कब तक | वेतन एवं पद छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते हैं ।

16. अनिवार्य संलग्नकों की सूची –

1. जन्म तिथि हेतु 10वीं की अंकसूची/प्रमाण पत्र
2. 12वीं की अंकसूची
3. स्नातक की अंकसूची
4. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
5. व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
6. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र

**17. अन्य संलग्नकों का विवरण**

1.................................................................................

2.................................................................................

3.................................................................................

4.................................................................................

**आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम**

## घोषणा–पत्र

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी ।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान – ............................................................

दिनांक – ............................................................